दिन—मंगलवार दिनांक— 23 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार का कल अंतिम दिन। विभिन्न राजनीतिक दलों और गठबंधन के नेताओं ने झोंकी पूरी ताकत।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा— कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता आरक्षण से छेड़छाड़ कर विशेष समुदाय को लाभ देना चाहते हैं।

03. चौथे चरण के चुनाव के लिए दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में आज पन्द्रह नामांकन भरे गये।

04. और, राज्य के दक्षिण—पश्चिम भागों में दोपहर बाद अचानक बदला मौसम। औरंगाबाद में आंधी—तूफान, तेज बारिश और ओलावृष्टि से लोगों को गर्मी से मिली राहत।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार कल शाम समाप्त हो जाएगा। इस चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में प्रचार अभियान अंतिम दौर में पहुंच गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों और गठबंधनों के प्रमुख नेता अपने—अपने प्रत्याशियों के समर्थन में रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। दूसरे चरण का मतदान छब्बीस अप्रैल को होना है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता संविधान में दिये आरक्षण के प्रावधान से छेड़छाड़ करना चाहते हैं। राजस्थान के सवाई माधोपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन दलितों और आदिवासियों का आरक्षण कम कर इसे धर्म के आधार पर एक विशेष समुदाय को देने का प्रयास कर रहे हैं।

———बाईट———

श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बाबा साहेब अम्बेडकर के दिये संविधान के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीति सदैव तुष्टीकरण की रही है।

———बाईट———

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा सरकार बनाने के लिए ही राजनीति की है जबकि भाजपा ने देशहित में राजनीति

की है। भागलपुर के कहलगांव में एनडीए प्रत्याशी अजय मंडल के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने बिना जाति–धर्म का भेदभाव किये सभी के विकास के लिए कार्य किये हैं।

———बाईट———

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज किशनगंज में पार्टी प्रत्याशी मुजाहिद आलम के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री कुमार ने राजद पर सीधा हमला बोतले हुये कहा कि पारिवारिक राजनीति के पोषक प्रदेश में कुशासन के प्रतिक बन गये हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने महिलाओं और युवाओं समेत सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया है।

———बाईट———

इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कटिहार के आजम नगर में कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। श्री यादव ने कहा कि यह चुनाव संवैधानिक मूल्यों को बचाने का चुनाव है।

———बाईट———

इधर, वांमपंथी दल सीपीआई, सीपीएम और माले के वरिष्ठ नेता भी अपने–अपने उम्मीदवारों की विजय सुनिश्चित करने के लिए प्रचार में जुटे हैं।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नामांकन पत्र भरने के काम में तेजी आ गयी है। इन सीटों पर आज पन्द्रह नामांकन पत्र दाखिल किये गये। उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नित्यानंद राय समेत चार उम्मीदवारों ने आज अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इधर, मुंगेर संसदीय क्षेत्र से इंडी गठबंधन की उम्मीदवार राजद की कुमारी अनिता समेत तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा भरा है। बेगूसराय से कर्पूरी जनता दल के रामबदन राय समेत तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। वहीं, समस्तीपुर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सनी हजारी समेत पांच उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। जबकि दरभंगा में एक प्रत्याशी ने आज नामांकन दाखिल किया। चौथे चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि पच्चीस अप्रैल है। छब्बीस अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। वहीं, उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह मई को होगा।

———————————————————————————

कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार के पुत्र अंशुल अविजीत को पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी के महासचिव के.

सी. वेणुगोपाल ने विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति के इस फैसले की जानकारी दी। गौरतलब है कि भाजपा ने अपनी पहली सूची में ही पूर्व केन्द्रीय मंत्री और निवर्तमान सांसद रविशंकर प्रसाद को पटना साहिब सीट से प्रत्याशी बनाये जाने की घोषणा की थी। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में एक जून को पटना साहिब सीट पर मतदान होगा।

———————————————————————

और अब आईये सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात झंझारपुर लोकसभा सीट की। झंझारपुर बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है जहां तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

बिहार में मिथिलांचल की तीन लोकसभा सीटों– मधुबनी, झंझारपुर और दरभंगा में झंझारपुर का सियासी इतिहास काफी रोचक रहा है। कोसी और कमला बलान नदी की गोद में बसा झंझारपुर संसदीय क्षेत्र मधुबनी जिले का हिस्सा है। दरअसल मधुबनी जिले में दो लोकसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से एक मधुबनी है और दूसरा है– झंझारपुर। इस इलाके से डॉ. जगन्नाथ मिश्र सांसद और मुख्यमंत्री बने। झंझारपुर के निवर्तमान सांसद जदयू के रामप्रीत मंडल है। वर्ष दो हजार उन्नीस में हुए लोकसभा चुनाव में श्री मंडल ने राजद के गुलाब यादव को पराजित किया था। इस बार झंझारपुर संसदीय क्षेत्र का राजनीतिक परिदृश्य बिल्कुल बदला हुआ है। जदयू ने अपने निवर्तमान सांसद रामप्रीत मंडल को एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है। वहीं, आरजेडी ने घटक दलों के साथ सीट बंटवारे में यह सीट विकासशील इंसान पार्टी, वीआईपी को दी है। भाजपा के बागी सुमन महासेठ वीआईपी के टिकट पर चुनावी मैदान में हैं। वहीं, टिकट नहीं मिलने से नाराज राजद के गुलाब यादव बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से पांच विधानसभा क्षेत्रों पर एनडीए का कब्जा है, जबकि एक सीट पर राजद के विधायक हैं। खजौली, झंझारपुर और राजनगर पर भाजपा, जबकि बाबूबरही और फुलपरास विधानसभा क्षेत्र पर जदयू का कब्जा है। वहीं, लौकहा विधानसभा क्षेत्र पर राजद के विधायक हैं। बेरोजगारी, पिछड़ापन और पलायन इस इलाके के मुख्य मुद्दे हैं। एनडीए के नेता जहां विकास के मुद्दे को लेकर जदयू उम्मीदवार रामप्रीत मंडल के समर्थन में वोट मांग रहे हैं, वहीं इंडी गठबंधन के नेता स्थानीय मुद्दों के साथ–साथ युवाओं से सरकारी नौकरी का वादा कर वीआईपी उम्मीदवार सुमन महासेठ के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए झंझारपुर से आकिल हुसैन।

———————————————————————

दरभंगा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी राजीव रौशन के निर्देश पर संसदीय क्षेत्र में लोगों को मतदाता पर्ची उपलब्ध कराने के लिए आज और कल विशेष शिविर लगाया जा रहा है। मतदाता अपने–अपने मतदान केन्द्र पर जा कर मतदाता पर्ची और अन्य जानकारी ले रहे हैं।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिला प्रशासन जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भोजपुरी और हिन्दी में जिंगल के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। मतदान

जिंगल सर्वाजनिक वाहनों, बस अड्डा, रेलवे स्टेशन समेत सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर बजाये जा रहे हैं।

———————————————————————————

कैमूर के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सावन कुमार ने मतदान कर्मियों के लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित ट्रेनिंग में अनुपस्थित रहने वाले पांच सेक्टर पदाधिकारीयों का तत्काल प्रभाव से वेतन पर रोक लगा दिया है। डीएम ने इन सेक्टर पदाधिकारी के विरुद्ध निर्वाचन के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीवान, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, नालंदा गया, शेखपुरा समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों के अनेक स्थानों पर उष्ण दिवस की स्थिति बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीवान का जीरादेई राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व भागों में अगले चार दिनों तक भीषण उष्ण दिवस की सम्भावना है। विभाग ने कुछ स्थानों पर ऑरेंज अलर्ट जबकि अन्य स्थानों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

———बाईट———

———————————————————————————

इधर, औरंगाबाद, भभुआ और रोहतास समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव आया है। इन क्षेत्रों में आंधी–तूफान और तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई है। हमारे औरंगाबाद संवाददाता ने बताया कि जिले के विभिन्न भागों में आंधी–तूफान से काफी नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। इधर, ओलावृष्टि के कारण खेतों में खड़ी गेहूँ की फसल और आम की खेती को काफी नुकसान हुआ है।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने आधार बैंकिंग में महीने में कम से कम एक बार पैसों का लेन–देन अनिवार्य करने के दावों को खारिज कर दिया है। दावों को फर्जी बताते हुए पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी की फैक्ट चेक इकाई ने इस बात से इनकार किया है

कि भारतीय रिजर्व बैंक के नए अपडेट ने लोगों के लिए हर महीने आधार के माध्यम से पैसे का लेनदेन करना अनिवार्य कर दिया है।

———————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज अठारह सौ सत्तावन के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह को उनके विजयोत्सव पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। इस मौके पर पटना के आजादी पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विजय दिवस के अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों समेत सामाजिक संगठनों की ओर से भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इधर, बाबू वीर कुंवर सिंह की कर्मस्थली भोजपुर के जगदीशपुर किला में भी विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महेन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया और वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार का कल अंतिम दिन। विभिन्न राजनीतिक दलों और गठबंधन के नेताओं ने झोंकी पूरी ताकत।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता आरक्षण से छेड़छाड़ कर विशेष समुदाय को लाभ देना चाहते हैं।

03. चौथे चरण के चुनाव के लिए दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में आज पन्द्रह नामांकन भरे गये।

04. और, राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में दोपहर बाद अचानक बदला मौसम। औरंगाबाद में आंधी–तूफान, तेज बारिश और ओलावृष्टि से लोगों को गर्मी से मिली राहत।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।